**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**09.05.2026/प्रादेशिक समाचार/09:20बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 पंचायतों में नामांकन पत्र भरने के दूसरे दिन कल बड़ी संख्या में नामांकन पत्र भरे गए– 11 मई को भी नामांकन पत्र किए जा सकेंगे दाखिल।
- पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए पंचायती राज एक्ट में संशोधन–जिला परिषद और पंचायत समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए समयसीमा की अनिवार्यता खत्म।
- प्रदेश के सभी जिला व अधीनस्थ न्यायालयों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन–लम्बित मामलों का किया जाएगा निपटारा।
- डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्यक्रम के माध्यम से होगा उत्पादन का सटीक आकलन–प्रदेश में तीन लाख से अधिक किसान योजना से जुड़े।
- ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 के अंतर्गत कृषि कार्य समूह का पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज से शुरू।

**पश्चिम बंगाल – शपथ ग्रहण**

शुभेंदु अधिकारी आज पश्चिम बंगाल के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री और एनडीए शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की उम्मीद है। इससे पहले कल, शुभेंदु अधिकारी को राज्य भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि शुभेंदु अधिकारी के पक्ष में सभी प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। भाजपा ने विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए टी.एम.सी के 15 साल के शासन का अंत किया है।

**पंचायत चुनाव**

प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 पंचायतों में नामांकन पत्र भरने के दूसरे दिन कुल 25 हजार 6 सौ 71 नामांकन पत्र भरे गए। इस प्रकार चुनाव के शुरूआती दो दिनों में नामांकन पत्र दाखिल करने वाले उम्मीदवारों की संख्या 42 हजार पांच सौ 62 हो गई है। इसके अलावा 11 मई को भी नामांकन भरे जा सकेंगे। अधिक ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी। ––डिस्पैच––

***राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार कांगड़ा जिला में सबसे अधिक 5 हजार 9 सौ 89, जबकि लाहौल स्पीति जिला में सबसे कम 2 सौ 9 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा मंडी में 4 हजार एक सौ 80, शिमला में 2 हजार 6 सौ 75, चम्बा में दो हजार 5 सौ 81, ऊना में एक हजार 9 सौ 41, सिरमौर में एक हजार 7 सौ 97, हमीरपुर में एक हजार 5 सौ 48, सोलन में एक हजार 5 सौ 43, कुल्लू में एक हजार 5 सौ 4, बिलासपुर में एक हजार 2 सौ 81, किन्नौर में 4 सौ 23, नामांकन पत्र दर्ज किए गए। प्रादेशिक समचार के लिए समाचार कक्ष से मैं कौशल्या शर्मा।***

इन चुनावों के लिए 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 14 और 15 मई को उम्मीदवार 3 बजे तक अपने नाम वापिस ले सकते हैं। प्रदेश की कुल 31 हजार एक सौ 82 पदों के लिए तीन चरणों में 26, 28 और 30 मई को वोट डाले जाएंगे।

**सिरमौर –नामांकन**

पंचायती राज चुनाव के लिए सिरमौर जिला में दूसरे दिन बड़ी संख्या में नामांकन दर्ज किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से 7, 8 और 11 मई नामांकन दाखिल करने की तिथि निर्धारित की गई है और अंतिम दिन और अधिक नामांकन दाखिल होने की उम्मीद है।

***आज दूसरा दिन है नोमिनेशन का जिला सिरमौर में 8 ब्लॉक है । अब तक जिला परिषद सदस्य पद के लिए 29 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए हैं, जबकि पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 98 उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं।वहीं ग्राम पंचायत प्रधान पद के लिए सबसे ज्यादा 703 नामांकन दाखिल हुए हैं। उप प्रधान पद के लिए 536 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र जमा करवाए हैं, जबकि वार्ड सदस्य पद के लिए 1242 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं तीसरा दिन जो आखिरी दिन 11 मई को होगा।***

**संशोधन**

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए राज्य सरकार ने अध्यादेश लाकर पंचायती राज एक्ट में संशोधन किया है। संशोधन के तहत जिला परिषद और पंचायत समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए तय समय सीमा की अनिवार्यता को खत्म किया गया है। अध्यादेश के अनुसार अब संबंधित उपायुक्त व उपमंडलाधिकारी सुविधा और परिस्थिति के अनुसार कभी भी चुनाव करवा सकेंगे। संशोधित अधिनियम को 6 माह के भीतर विधानसभा के भीतर पारित करना अनिवार्य होता है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पंचायतीराज संस्थाओं के लिए सात दिन के भीतर बैठक बुलाना जरूरी होता था और 2 तिहाई कोरम पूरा होने पर चुनाव परिणाम घोषित किए जाते थे।

**लोक अदालत**

हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज प्रदेश के सभी जिला व अधीनस्थ न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया के निर्देशानुसार इन लोक अदालतों में बैंक मामलों, श्रम विवादों और बिजली व पानी के बिलों से जुड़े प्रकरणों सहित अन्य लंबित मामलों का निपटारा किया जाएगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव रंजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटारे के लिए अब तक करीब 63 हजार मामले प्राप्त हुए हैं।

## फसल सर्वेक्षण– डिस्पैच

डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्यक्रम के माध्यम से वास्तविक समय में खेतों में बोई गई फसलों का सटीक आंकड़ा एकत्र किया जाता है जिससे किसानों और फसलों का विश्वसनीय डेटाबेस तैयार कर, कृषि योजना और बीमा दावों में तेजी लाई जा सके। केन्द्र की इस योजना के तहत, प्रदेश के 93 हज़ार 870 राजस्व गाँवों में फसलों का डिजिटल सर्वे किया जा रहा है और प्रदेश में अब तक 3 लाख से ज्यादा किसानों के आँकड़े, सर्वेक्षण के दायरे में आ चुके हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे ऊना जिला संवाददाता की ये रिपोर्ट...............

***वर्ष 2023–24 में केंद्र सरकार द्वारा आरंभ की गई डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्यक्रम के माध्यम से वास्तविक समय में खेतों में बोई गई फसलों का सटीक डेटा एकत्र करने का लक्ष्य रखा गया है जिस से किसानों और फसलों का विश्वसनीय डेटाबेस तैयार कर, कृषि योजना और बीमा दावों में तेजी लाई जा सकेगी । देश में प्रत्येक खेत की जियो–टैगिंग के साथ, बोई गई फसलों की तस्वीरें ली जाती हैं जिससे हर फसल चक्र में फसल उत्पादन अनुमान, फसल बीमा का समय पर वितरण और एग्री स्टैक योजना के माध्यम से सरकारी योजनाओं का सही लाभ किसान तक पहुंचाना, इस सर्वेक्षण का लक्ष्य है । योजना के तहत, हिमाचल प्रदेश के 93 हज़ार 870 राजस्व गाँवों में फसलों का डिजिटल सर्वे किया जा रहा है और प्रदेश में अब तक 3 लाख से ज्यादा किसानों के आँकड़े, सर्वेक्षण के दायरे में आ चुके*** हैं प्रादेशिक समाचार के लिए ऊना से मैं राजेश कुमार शर्मा।

## ब्रिक्स कृषि सम्मेलन

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 के अंतर्गत कृषि कार्य समूह का पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज मध्य प्रदेश के इंदौर में शुरू हो रहा है। ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, ईरान, इंडोनेशिया और मलेशिया सहित 21 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक और नीति निर्माता इस सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के अनुसार, इन देशों में विश्व के करीब 68 प्रतिशत किसान रहते हैं।

यह सम्मेलन दो चरण में आयोजित होगा। पहला चरण आज से शुरू होकर 11 जून तक चलेगा। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी खाद्य सुरक्षा, स्मार्ट खेती, जलवायु परिवर्तन और किसान कल्याण जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा करेंगे।

## बर्ड काउंट

हिमालयी क्षेत्रों में पाए जाने वाले विभिन्न पक्षिओं की गणना के लिए आज प्रदेश के सभी 12 जिलों में हिमालयन बर्ड काउंट आयोजित किया जाएगा। इस अभियान की शुरूआत वर्ष 2022 से की गई थी। विशेषज्ञों के अनुसार हिमालय विश्व के सबसे समृद्ध जैव विविधता वालो क्षेत्रों में शामिल है और दुनिया की करीब 10 प्रतिशत पक्षी प्रजातियां यहां पाई जाती हैं। इस अभियान में वन अधिकारियों के अलावा स्कूली छात्र, प्राकृति व पक्षी प्रेमी और स्थानीय समुदाय को शामिल किया जाएगा। अभियान के दौरान प्रतिभागी अपनी जानकारी ई–बर्ड मोबाइल एप्प के माध्यम से अपलोड कर सकेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

नए वैश्विक आर्थिक क्रम में भारतीय अर्थव्यवस्था की दिशा विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कल से शिमला में शुरू हुआ। कोटशेरा कॉलेज शिमला और देश भगत यूनिवर्सिटी मंडी गोबिंदगढ़ पंजाब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर महावीर सिंह ने किया। उन्होंने सम्मलेन को आज के परिपेक्ष में महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है जो सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। सम्मेलन में विशेषज्ञ वैश्विक आर्थिक चुनौतियों, पर्यावरण व तकनीकी सहित सभी क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे और आगे की कार्ययोजना तैयार करेंगे ताकि भारत को आर्थिक रूप से मजबूत किया सके।

## अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है– **ऊना में खैर कटान मामले में एस.आई.टी. गठित कर नए सिरे से जांच के आदेश।** दैनिक जागरण की सुर्खी है–**न्यायपालिका के सुदृढ़ीकरण पर दिए झूठे आश्वासन पर मुख्य सचिव तलब।** हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–**सुक्खू सरकार ने आम लोगों के लिए खोले सभी सर्किट हाउस।** पंजाब केसरी व दिव्य हिमाचल के एक जैसे शब्द हैं –**हिमाचल में पहली बार मतगणना केद्रों पर होगी वीडियोग्राफी।** दैनिक भास्कर की सुर्खी है–**कचरा फैलाने वाले होटलों, उद्योगों व संस्थानों के बिजली, पानी कनेक्शन काट सकेंगे डीसी।** अमर उजाला की एक अन्य सुर्खी है– **जिला परिषद और बीडीसी अध्यक्ष के चुनाव के लिए समय सीमा की अनिवार्यता समाप्त।**

- प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 पंचायतों में नामांकन पत्र भरने के दूसरे दिन कल बड़ी संख्या में नामांकन पत्र भरे गए– 11 मई को भी नामांकन पत्र किए जा सकेंगे दाखिल।
- पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए पंचायती राज एक्ट में संशोधन–जिला परिषद और पंचायत समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए समयसीमा की अनिवार्यता खत्म।
- प्रदेश के सभी जिला व अधीनस्थ न्यायालयों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन–लम्बित मामलों का किया जाएगा निपटारा।
- डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्यक्रम के माध्यम से होगा उत्पादन का सटीक आकलन–प्रदेश में तीन लाख से अधिक किसान योजना से जुड़े।
- ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 के अंतर्गत कृषि कार्य समूह का पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज से शुरू।